# तीन पैथोलॉजी लैब की एनओसी निरस्त करने नोटिस

## बायोमेडिकल वेस्ट की जांच में कमी पाये जाने पर की गयी कार्रवाई, संबंधित संस्थानों की जांच के लिए नपानि ने किया टीम का गठन

नवभारत रिपोर्टर। जगदलपुर।

नगर पालिक निगम जगदलपुर के आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर शहर में संचालित पैथोलॉजी लैब में बायोमेडिकल वेस्ट के प्रबंधन के संबंध में तीन अधिकारियों के टीम का गठन किया गया है, उक्त टीम द्वारा आज निरीक्षण के दौरान तीन पैथोलॉजी लैब के लायसेंस हेतु दिये गये अनापत्ति पत्र को निरस्त करने नोटिस जारी किया गया।

### लगातार जारी रहेगी जांच कार्रवाई : आयुक्त

आयुक्त ने बताया कि शिकायत के आधार पर टीम का गठन कर शहर के नर्सिंग होम एवं पैथोलॉजी लैब में आज से कार्रवाई आरंभ कर दी गयी है। इसी तारतम्य में पैथोलॉजी लैब एवं नर्सिंग होम में बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन की जांच के संबंध में टीम द्वारा जांच की गयी है, अब निरंतर जांच प्रक्रिया जारी रहेगी और अनियमितता पाये जाने पर अनयमानुसार कार्रवाई की जायेगी।



ज्ञात हो कि निगम आयुक्त द्वारा कार्यपालन अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, डॉ निशा मौर्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं राकेश यादव राजस्व निरीक्षक की टीम का गठन किया गया है, जिनके द्वारा आज शहर के चार पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण कर बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन का जांच एवं निरीक्षण किया गया। जिसमें स्पर्श पैथोलॉजी लैब, नोबेल पैथोलॉजी लैब, हेल्थ एवं लाइफ डायग्नोस्टिक लैब एवं डॉक्टर सचिन बड़गे पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण एवं जांच किया गया। गठित टीम के द्वारा चारों पैथोलॉजी लैब में बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन में कमी पाई गई जिसे लेकर संबंधित पैथोलॉजी लबों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। साथ ही पैथोलॉजी लैब को जुर्माना की कार्रवाई भी की गई है । आयुक्त श्री हरेश मंडावी ने बताया मेडिकल वेस्ट को लेकर लगातार शिकायतें आ रही थी ,पैथोलॉजी लैब के द्वारा अपने मेडिकल वेस्ट को रोड एवं नालियों में डालने की लगातार शिकायत मिल रही थी।

Scanned with OKEN Scanner

# बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन में कमी, तीन पैथो लैब को नोटिस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर शहर में संचालित पैथोलॉजी लैब में बायोमेडिकल वेस्ट के प्रबंधन के संबंध में तीन अधिकारियों के टीम का गठन किया गया है जिसमें कार्यपालन अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, डॉ. निशा मौर्य स्वास्थ्य अधिकारी एवं राकेश यादव राजस्व निरीक्षक शामिल है।

टीम ने आज शहर के चार पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण कर बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन की जांच की। स्पर्श पैथोलॉजी लैब, नोबेल पैथोलॉजी लैब, हेल्थ एवं लाइफ डायग्नोस्टिक लैब एवं डॉक्टर सचिन बड़गे पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण एवं जांच किया गया। गठित टीम द्वारा चारों पैथोलॉजी लैब में बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन में कमी पाई गई जिसे लेकर संबंधित पैथोलॉजी लबों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। साथ ही पैथोलॉजी लैब को जुर्माना की कार्रवाई भी की गई है। आयुक्त ने बताया मेडिकल वेस्ट को लेकर लगातार शिकायतें आ रही थीं। पैथोलॉजी लैब द्वारा अपने मेडिकल वेस्ट को रोड एवं नालियों में डालने की लगातार शिकायत मिल रही थी। जिस पर यह कार्रवाई शहर के नर्सिंग होम एवं पैथोलॉजी लैब में टीम का गठन कर कारवाई किया जाना प्रारंभ किया गया है। इसी तारतम्य में पैथोलॉजी लैब एवं नर्सिंग होम में बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन की जांच के संबंध में टीम को जांच किया गया है जिसके चलते आज यह कार्रवाई किया गया और आगे भी यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

■ नर्सिंग होम एवं पैथोलॉजी लैब में बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन जांच के लिए टीम का गठन

# बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन में कमी, तीन लैब को एनओसी निरस्त करने नोटिस

नईदुनिया प्रतिनिधि, जगदलपुर : आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर शहर में संचालित पैथोलाजी लैब में बायोमेडिकल वेस्ट के प्रबंधन के संबंध में तीन अधिकारियों की टीम का गठन किया गया है। जिसमें कार्यपालन अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, डा. निशा मौर्य स्वास्थ्य अधिकारी व राकेश यादव राजस्व निरीक्षक को टीम में शामिल किया गया है। जिनके द्वारा आज शहर के चार पैथोलाजी लैब का निरीक्षण कर बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन का जांच एवं निरीक्षण किया गया। जिसमें स्पर्श पैथोलाजी लैब, नोबेल पैथोलाजी लैब, हेल्थ एवं लाइफ डायग्नोस्टिक लैब व डाक्टर सचिन बड़गे पैथोलाजी लैब का निरीक्षण व जांच की गई।

गठित टीम द्वारा चारों पैथोलाजी लैब में बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन में कमी पाई गई जिसे लेकर संबंधित पैथोलाजी लैबों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। साथ ही पैथोलाजी लैब को



पैथोलाजी लैब • नईदुनिया

जुर्माना की कार्रवाई भी की गई है। आयुक्त हरेश मंडावी ने बताया मेडिकल वेस्ट को लेकर लगातार शिकायतें आ रही थीं, पैथोलाजी लैब द्वारा अपने मेडिकल वेस्ट को रोड व नालियों में डालने की लगातार शिकायत मिल रही थी। जिस पर यह कार्रवाई शहर के नर्सिंग होम एवं पैथोलाजी लैब में टीम का गठन कर की जाना प्रारंभ किया गया है। इसी तारतम्य में पैथोलाजी लैब एवं नर्सिंग होम में बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन की जांच की गई है जिसके चलते आज यह कार्रवाई किया गया और आगे भी यह कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

Scanned with OKEN Scanner

# बायोमेडिकल वेस्ट की जांच में कमी पाए जाने पर 3 पैथोलॉजी लैब को नोटिस जारी

जगदलपुर| शहर के नर्सिंग होम एवं पैथोलॉजी लैब में बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन के जांच नगर निगम के अधिकारियों ने बुधवार को की। करीब तीन घंटे से ज्यादा समय तक की गई जांच में अधिकारियों ने शहर के चार पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण कर बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन का जांच एवं निरीक्षण किया गया । जिसमें स्पर्श पैथोलॉजी लैब,नोबेल पैथोलॉजी लैब ,हेल्थ एवं लाइफ डायग्नोस्टिक लैंब एवं डॉक्टर सचिन बड़गे पैथोलॉजी लैब का निरीक्षण व जांच शामिल था। गठित टीम के द्वारा चारों पैथोलॉजी लैब में बायोमेडिकल वेस्ट प्रबंधन में कमी पाए जाने पर संबंधित पैथोलॉजी लैबों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया साथ ही जुर्माना भी वसूला गया है। आयुक्त हरेश मंडावी ने बताया कि मेडिकल वेस्ट को लेकर लगातार शिकायतें आ रही थी। टीम का गठन कर जांच और कार्रवाई की जा रही है।

Scanned with OKEN Scanner

बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन में लापरवाही

# चार पैथालॉजी लैब पर निगम ने की कार्रवाई

## शहर के नर्सिंग होम और पैथोलॉजी लैब की जांच के लिए आयुक्त ने बनाई टीम

जगदलपुर @ पत्रिका . शहर के चार पैथोलॉजी लैब पर निगम ने कार्रवाई की है। बायो मेडिकल वेस्ट प्रबंधन में लापरवाही बरतने वाले पैथोलॉजी पर जुर्माना लगाते हुए नोटिस थमाया गया है। इसके साथ ही आयुक्त हरेश मंडावी ने शहर के नर्सिंग होम और पैथोलॉजी लैब में बायोमेडिकल वेस्ट के प्रबंधन की जांच के लिए तीन अधिकारियों की टीम का गठन किया है। जिसमें कार्यपालन अभियंता अजीत कुमार तिग्गा, डॉ. निशा मौर्य स्वास्थ्य अधिकारी और राकेश यादव राजस्व निरीक्षक शामिल हैं।

निगम की इस टीम ने स्पर्श पैथोलॉजी लैब,नोबेल पैथोलॉजी लैब ,हेल्थ एवं लाइफ डायग्नोस्टिक लैब एवं डॉक्टर सचिन बड़गे पैथोलॉजी लैब पर कार्रवाई की। आयुक्त ने बताया कि मेडिकल वेस्ट को लेकर लगातार शिकायतें आ रही थीं। पैथोलॉजी लैब अपने मेडिकल वेस्ट रोड और नालियों में डाल रहे थे। जिसके बाद शहर के नर्सिंग होम और पैथोलॉजी लैब की जांच के लिए टीम गठित की गई है। यह कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

Scanned with OKEN Scanner